तापमान
अधिकतम 19 .0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025



11 हलके को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित....



11 शिक्षा के साथ खेलों में हिस्सा ले विद्यार्थीः छाबड़ा

## दिनभर आसमान से बरसा कोहरा, रेंगकर चले वाहन, बाजारों में छाया सन्नाटा, अन्नदाताओं के चहरे खिले


# जींद और कैथल में कोहरे से जनजीवन प्रभावित

### यातायात व्यवस्था भी प्रभावित, देरी से पहुंच रहे गंतव्य पर

हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में घनी धुंध तथा कोहरे का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार रात जबरदस्त कोहरा छाया रहा तो सोमवार को दिन का आगाज ठंड तथा घनी धुंध व कोहरे के साथ हुआ। जिसका असर जनजीवन तथा यातायात व्यवस्था पर साफ देखने को मिला। खासकर हाइवे और ग्रामीण सड़कों पर कोहरे का ज्यादा असर देखने को मिला। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रही। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा सड़क हादसा जिले में नही हुआ। सोमवार को अधितम तापमान 19 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 64 प्रतिशत तथा हवा की गति आठ किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अभी धुंध से राहत मिलने के आसार नही है। किसान शाम को खेतों मे हलकी सिंचाई करें। पिछले कई दिनों से लगातार घनी धुंध के साथ कोहरा पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से जबरदस्त कोहरा तथा धुंध पड़ रही है। रविवार रात को घने कोहरे ने पूरे इलाके को अपने आगोश में ले लिया था। कोहरा इतना घना थी कि चंद कदम का भी नहीं दिखाई दे रहा था। सड़कें भी सुनसान हो गई थी। सोमवार को दिन का आगाज घनी धुंध तथा कोहरे के साथ हुआ। दिन चढने के साथ धुंध तथा कोहरा छंटता चला गया। दोपहर बाद सूर्य देवता ने दर्शन दिए और निकली धूप ने कुछ राहत दी। सुबह के समय ठंड से बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेते देखा गया। ठंड को देखते हुए लोग जल्दी कामकाज निपटा घरों में दुबक गए। वहीं तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते लोगों को सर्दी से बचाव के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। सर्द मौसम में घनी धुंध व कोहरे के कारण जनजीवन तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिसका असर दिनचर्या पर साफ देखने को मिल रहा है। लोग देरी से घरों से बाहर निकल पा रहे हैं। जल्दी घर लौटना पड़ रहा है। धुंध तथा कोहरे के कारण यातायात के साधन भी काफी देरी से अपने गंतव्य पर पहुंच रहे हैं। जिसके कारण यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकत तथा न्यूनतम तापमान कम होने से मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। खांसी, जुखाम, बुखार और गले के संक्रमण से परेशान लोग अस्पतालों में इलाज के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन सैंकड़ों मरीज पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. रघबीर पूनिया ने बताया कि इस मौसम में नवजात, बच्चों व वृद्धों के खानपान पर विशेष ध्यान दें। सुबह व शाम गर्म कपड़े पहना कर रखें। गुनगुना पानी पिलाएं। किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी लोगों से अपील की गई है कि वे बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। खासकर नवजात बच्चों को ठंड से पूरी तरह सुरक्षित रखने की जरूरत है। धुंध के चलते सोमवार को कई ट्रेनों का संचालन बाधित रहा। ट्रेन नंबर 54036 जाखल-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन सुबह 6 : 01 की जगह 6: 40 पर जींद जंक्शन पर पहुंची। ट्रेन नंबर 14024 डीएमयू सुबह 8 : 4 की जगह 8 : 41 , ट्रेन नंबर 20424 पातालकोट एक्सप्रेस सुबह 8 : 56 की जगह 10: 29 , ट्रेन नंबर 19824 श्री माता वैष्णो देवी-कोटा एक्सप्रेस सुबह 10.42 की जगह 11.12, ट्रेन नंबर 12482 दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस 11 बजे की जगह 12.27 , ट्रेन नंबर 54036 कुरुक्षेत्र-जींद पैसेंजर दोपहर 12.10 की जगह दोपहर बाद 01. 12, ट्रेन नंबर 54044 हिसार-जींद पैसेंजर दोपहर 1 बजे की जगह 2. 23 , ट्रेन नंबर 15734 फरक्का एक्सप्रेस सुबह 5.38 की जगह 6.47 , ट्रेन नंबर 20423 पातालकोट एक्सप्रेस सुबह 6. 7 की जगह दोपहर साढ़े 12 बजे, ट्रेन नंबर 15733 फरक्का एक्सप्रेस सुबह 9.18 की जगह 11 बजकर 40 मिनट पर पहुंची।



उचाना। घने कोहरे के लाइट जला कर चलते वाहन चालक। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। लाइट जला कर चलते वाहन चालक। फोटो :हरिभूमि



जींद। नागरिक अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन। फोटो :हरिभूमि

#### कोहरे का सब्जी मंडी पड़ा असर, देरी से पहुंच रहे वाहन

जींद। कोहरे व ठंड का असर अब सब्जी मंडी पर भी पडने लगा है। इस समय जींद की सब्जी मंडी में जो सब्जियों व फ्रूट के वाहन चार बजे तक पहुंच जाते थे वो अब सात से आठ बजे तक पहुंच रहे हैं। जिससे आढ़त व विक्रय का काम देरी से शुरू हो रहा है। इसे लेकर सब्जी विक्रेता भी चिंता में हैं। क्योंकि ग्राहक नौ बजे के बाद ही मंडी में खरीददारी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आढ़ती, फड़ पर सब्जी बेचने वाले मासाखोरों व अन्य दुकानदारों को भी काफी समय तक लिए गए सामान की बिक्री करनी पड़ रही है। हालांकि आढ़तियों का कहना है कि वो सभी वाहन चालकों से यही बोल रहे हैं कि बेशक सब्जी व फ्रूट की गाड़ी लेकर मंडी में लेट आएं लेकिन सकुशल आएं। सर्दियों से पहले सब्जी मंडी में कार्य साढ़े तीन बजे ही शुरू हो जाता था। बाहर से आने वाली गाडियां सब्जियां, फ्रूट लेकर मंडी में ठीक समय पर पहुंच जाते थे। अब वही गाडियां सात से आठ बजे तक पहुंच रही हैं। क्योंकि इस समय कोहरा बहुत पड़ रहा है। ऐसे में गाडियां धीरे चलती हैं, दृश्यता कम होने से ट्रांसपोर्टेशन प्रभावित होता है। जिसके चलते गाडियां देरी से मंडी में पहुंचती है। इससे सब्जी मंडी में सुबह का सन्नाटा अब आम हो गया है। पहले की तरह जल्दी पहुंचने वाले ट्रक अब धुंध की चपेट में फंस कर देर से यहां पहुंच रहे हैं। एक आढ़ती ने बताया कि वाहन चालकों को कोहरे के कारण रास्ते में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

#### धुंध फसलों के लिए फायदेमंद

सर्दी के मौसम की बारिश न होने तथा तापमान उच्च रहने से फसलों पर विपरित प्रभाव पडने के आसार बन रहे थे। ठंड तथा धुंध की फसलों के लिए जरूरत महसूस की जा रही थी। ठंड तथा धुंध के कारण गेहूं, बरसीम जैसी फसलों में फुटाव सही होगा ओर ग्रोथ भी अच्छी मिलेगी। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि ठंड तथा धुंध फसलों के लिए फायदेमंद है। फसलों को अच्छी ग्रोथ मिलेगी ओर उनका फुटाव भी अच्छा होगा। किसान ठंड को देखते शाम को हलकी सिंचाई करें और खाद भी डालें।

#### रिफ्लेक्टर लगाने की अपील

उचाना। घने कोहरे के चलते यातयात प्रभावित हुआ। कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार धीमी हुई। नेशनल हाइवे, लिंक मार्गों पर वाहन एक.दूसरे के पीछे लाइन में चलते नजर आए। कोहरा से ठंड बढने से गेहूं की फसल को फायदा होगा। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से कोहरे के मौसम में डिपर जला कर, कम स्पीड में गाड़ी चलाने, वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाने की अपील की। थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने कहा कि घर जल्दी पहुंचने या किसी कार्य के लिए जाने की जल्दी इस कोहरे के मौसम में वाहन चाल न करें। कोहरे के चलते हादसा होने का डर रहता है। इस मौसम में अधिक जरूरी कार्य हो तो ही वाहन से सफर करें। किसान प्रतापए राजेंद्रए सुनील ने कहा कि कोहरे से गेहूं की फसल को फायदा होगा। कोहरा होने से मौसम में ठंडक है। गेहूं की फसल के लिए कोहरा वरदान साबित हो रहा है।

#### नरवाना में कोहरे ने पसारे पांव

नरवाना। नरवाना में आज सुबह से ही कोहरे ने अपने पांव पसार लिए हैं। अल सुबह से ही कोहरा जबरदस्त रहा । लगभग 1:00 के करीब सूर्य देवता ने दर्शन दिए सुबह से ही आम जनमानस को आने.जाने में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। वाहन सड़कों पर रेंगते हुए नजर आए तथा दिन में ही वहां लाइट जलाकर चल रहे थे। स्कूली छात्र छात्राएं काम कब आते हुए अपने विद्यालयों की ओर बढ़ रहे थे एक और जहां 1 जनवरी से शीतकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई है वही दो दिन शेष है किंतु सर्दी पूरे जोर से पड़ रही है। बेसहारा पशु भी इस समय अपने आप को लाचार महसूस पा रहे हैं। कहीं जगह पर आम जनमानस आग का सहारा लेते हुए दिखाई दिए।

### धुंध और कोहरे के चलते हादसा

## कैथलः खरक पांडवा के पास ट्रक- कंटेनर भिड़े

#### कंटेनर के दरवाजे काट कर चालक को बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत क्षेत्र के मार्गों पर धुंध के अंधेरे के बीच सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार सुबह दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे पर गांव खरक पांडवा के पास एक ट्रक व कंटेनर की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों व स्थानीय लोगों ने औजारों की मदद से कंटेनर के क्षतिग्रस्त हुए केबिन के दरवाजे को काट कर चालक को बाहर निकाला। उपरांत कलायत के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रबंधक बलबीर सिंह के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की सहायता से सड़क से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को किनारे करवा कर यातायात को सुचारु करवाया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया की धुंध के चलते हादसा हुआ। स्थिति को नियंत्रित करते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू किया गया। हादसे में कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों व स्थानीय लोगों ने औजारों की मदद से कंटेनर के क्षतिग्रस्त हुए केबिन के दरवाजे को काट कर चालक को बाहर निकाला।थाना प्रबंधक ने वाहन चालकों से सुरक्षित ढंग से चलने की अपील की। साथ ही यातायात नियमों के प्रति सजगता का संदेश दिया। दीगर है कि धुंध के चलते सुबह करीब 11 बजे जाकर सूर्यदेव के दर्शन हुए। इससे पहले दृश्यता कुछ मीटर की रही। वाहन लाइटें जला कर रेंगते नजर आए। कोहरे के साथ ठंड का प्रभाव बना है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.रमेश चंद्र वर्मा ने बताया की मंगलवार को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे पहाड़ों में बर्फबारी होगी और मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड रहेगी। अगले दो दिनों में घना कोहरा व शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। मौसम गेहूं की फसल के लिए बहुत ही लाभदायक है। घने कोहरे और ठंड से गेहूं की फसल में फुटाव बहुत बेहतर हो रहा है जिससे गेहूं की बंपर पैदावार अपेक्षित है। उधर स्वास्थ्य विभाग ने भी शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है।



कलायत। एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाग्रस्त वाहन के केबिन का दरवाजा तोड़ चालक को बाहर निकालते लोग।

#### कोहरे में बाहर न निकलें

कलायत एसएमओ डा.किरण संधू ने बढ़ती ठंड और कोहरे को देखते हुए बच्चों और बुजुर्गों को सुबह के समय घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। कोहरे के कारण सांस के मरीजों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। शीत-घात से बचने के लिए पूरे प्रबंध उपयोग में लाने चाहिए। पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जींद। उचाना करसिंधु रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करसिंधु निवासी राजपाल (48) रविवार देर शाम बाइक पर सवार होकर उचाना से घर लौट रहा था।

### मकान में चोरी के मामले में आरोपी काबू

कैथल। गुहला क्षेत्र में एक मकान में चोरी के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डेरा भाग सिंह, चीका निवासी निशान सिंह की शिकायत अनुसार उसके छोटे भाई मस्तान सिंह के मकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 18 दिसंबर से 26 दिसंबर के बीच कई बार चोरी की गई।

### पटाखे बजाने के विवाद में हत्या का आरोपित दबोचा

जींद। सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव दनौदा कलां में दीपावली पर पटाखे बजाने को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की हत्या करने के एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पूर्व में पुलिस पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना सदर नरवाना के प्रभारी विरेंद्र सिंह बताया कि दीपावली के अवसर पर गांव दनौदा कलां में पटाखे बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया था।

### डोडापोस्त बरामदगी मामले में आरोपी काबू

कैथल। 242 किलो 56 ग्राम डोडापोस्त बरामदगी मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश चंद की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव मंडवाल निवासी हरविंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया।

### अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन आज

कलायत। कलायत अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 30 दिसंबर को भाजपा द्वारा अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा जी व पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल तंवर शिरकत करेंगे। यह जानकारी बैठक के अध्यक्षता करने जा रहे भाजपा कलायत मंडल अध्यक्ष राजीव रापजूत ने दी। उन्होंने बताया कि कलायत विधानसभा में आयोजित होने वाले सम्मेलन में पार्टी नेता कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

### आभूषण व नकदी चोरी मामले में आरोपी काबू

कैथल। थाना सिविल लाइन क्षेत्र में घर में सेंधमारी कर आभूषण व नकदी चोरी मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ ने आरोपी को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की भगत सिंह कॉलोनी कैथल निवासी प्रवीण की शिकायत अनुसार मकान से अज्ञात व्यक्ति सोना चांदी के आभूषण, 50 हजार नकदी व 2 मोबाइल फोन चोरी करके ले गए थे।

### मारपीट करने पर दंपति समेत 22 पर मामला दर्ज

जींद। सैक्टर 11 में रंजिशन मारपीट करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने दंपत्ति को नामजद कर बीस अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सैक्टर 11 निवासी जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसी उसकी सैक्टर के रिषीपाल से रंजिश चली आ रही है।

### दो मकानों से हजारों की नकदी व आभूषण चोरी

कैथल। गुहला के डेरा भाग सिंह स्थित दो मकानों से चोर हजारों रुपए नकदी, गहने व अन्य सामान चोरी कर्ले गए। इस दौरान परिवार के सदस्य अपने दूसरे मकान में पंजाब के पटियाला गए हुए थे। परिवार को वापस लौटने पर ताले टूटे हुए मिले। मामले में मकान के मालिक की शिकायत के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



कैथल। वाहन चालकों की जांच करती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

#### विशेष अभियान चलाकर 85 वाहनों के चालान

कैथल। जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 22 से 28 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 34, ध्वनि प्रदूषण करने के 2, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 40 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 9 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। एसपी उपासना ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ आमजन को यातायात जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नियमों की जानकारी भी दी जाएगी ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सड़क पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## जांच के लिए पहुंची एफएसएल टीम

#### गांव हथवाला में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के हथवाला गांव में शनिवार देर रात युवक की हुई संदिग्ध मौत के मामले में जांच के लिए सोमवार को एफएसएल टीम पहुंची। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। घर में लगे सीसी टीवी के डीवीआर को भी टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। गौरतलब है कि हथवाला गांव निवासी 20 वर्षीय युवक विनोद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक की बहन ज्योति ने पुलिस को दी शिकायत में अपने भाई की हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। ज्योति ने बताया 26 दिसंबर की रात विनोद के पास एक फोन आया। जिसमें उसके दोस्त ने गांव झमोला में किसी की मौत होने की बात कही और शोक व्यक्त करने चलने को कहा। इसके बाद विनोद घर से निकल गया। उसी रात करीब साढ़े आठ बजे विनोद अपने दोस्त साहिल उर्फ इल्लू के साथ कुछ देर के लिए घर लौटा और फिर वापस चला गया। पूरी रात विनोद घर नही लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की और फोन भी किए लेकिन संपर्क नहीं हो सका।अगले दिन 27 दिसंबर को ज्योति और उसकी बहन विनोद की तलाश में साहिल उर्फ इल्लू के घर पहुंचे वहां साहिल व उसकी पत्नी से विनोद के बारे में पूछताछ की गई लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिजन साहिल के मकान में बने कमरे में पहुंचे। जहां विनोद बेड पर बेसुध हालत में पड़ा मिला। जब परिजनों ने पास जा कर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी।






कैथल। धरना देकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

#### नप कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कैथल। नगर पालिका कर्मचारी संघ ने नगर परिषद कैथल मे 72- दिन धरना-प्रदर्शन जारी रखा। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की तथा संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियो ने राज्य सरकार व नगर परिषद प्रसाशन के फिलाफ जोरदार नारे बाजी की ओर ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान व विक्कीटाँक ने कहा कि 165 सफाई कर्मचारियो को टेन्डर जारी करके सभी कर्मचारियो को डयूटी पर वापिस लेना आदि शामिल है। कर्मचारी 11जनवरी 2026 को मास डेपुटेंशन के रूप मे धरना-प्रदर्शन करके विभागीय मंत्री विपुल गोयल के आवास पर जा कर मिलेगा। उनसे सभी जायेज माँगो के समाधान की मांग करेगा और अगर समाधान नही हुआ तो आल सफाई कामगार संघर्ष सीमित के बैनर चले सभी विधायको के आवास पर जा कर धरना-प्रदर्शन करके ज्ञापन देगे। उन्होंने बताया कि नपा कर्मचारी 30 दिसंबर को अपना काम बंद रखकर रोष जताएंगे। इस अवसर पर महेंद्र बिड़लान, विक्कीटाँक, जिला प्रधान गौरव टांक, कैशियर जगदीश कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान राज कुमार मंचल,उपप्रधान पंकज गिल, सुखा नौच, मुख्य संगठन सचिव सुमेश राणा, सहसचिव मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### चूहड़माजरावासी डीसी से मिले, मुख्यमंत्री ने किया था ऐलान

## डीसी से गांव का नाम न बदलने का अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव चूहड़ माजरा का नाम बदलने के विरोध में ग्रामीण सोमवार को डीसी से मिलने लघु सचिवालय पहुंचे। ग्रामीणों ने मांग की, कि गांव का नाम न बदला जाए और इसे चूहड़माजरा ही रखा जाए। गांव के लोगों ने डीसी को सरकार के नाम एक ज्ञापन भी दिया। इसके माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि गांव का नाम बदलने से लोगों को फायदा नहीं होगा, लेकिन दिक्कतें बढ़ जाएगी। उन्होंने मांग की, कि गांव का नाम पहले की तरह ही रखा जाए। डीसी से मिलने पहुंचे ग्रामीण नरेश, प्रदीप, बाबूराम, हरिपाल, सुरेंद्र व सुरेश ने कहा कि यह गांव करीब साढ़े 600 साल पहले बाबा चूहड़ साध बसाया था। उन्हीं के नाम पर गांव का नाम रखा गया है। अगर इसे बदल दिया गया, तो इसे लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ेगी। लोगों को अपने सभी दस्तावेजों में गांव का नाम बदलवाना पड़ेगा। इससे उनके धन और समय की बर्बादी होगी। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के सैकड़ों की संख्या में युवा अपने काम से विदेशों में गए हुए हैं। अगर गांव का नाम बदल दिया गया, तो सबसे ज्यादा दिक्कतें उन युवाओं को उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने कहा कि सीएम ने गांव के कुछ लोगों की अनुशंसा पर गांव का नाम बदलने की घोषणा कर दी। इससे पहले अनुशंसा करने वाले लोगों ने पूरे गांव के साथ विचार विमर्श नहीं किया। इससे गांव के लोगों में रोष भी है। बता दें कि 23 दिसंबर को गांव में गुरु ब्रह्मानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। इसमें सीएम नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे।



कैथल। डीसी से मिलने पहुंच गांव चूहडमाजरा के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

#### सरकार तक पहुंचाया जाएगा ज्ञापन

उपायुक्त अपराजिता ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनके ज्ञापन को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। ग्रामीणों की मांग अनुसार गांव के नाम को रखने की बात सरकार के सामने रखी जाएगी।




सीवन। बिजली बोर्ड में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

#### एसडीओ की तानाशाही के खिलाफ नारेबाजी

सीवन। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन से संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की सब यूनिट सीवन द्वारा लगातार 36वें दिन भी गेट मीटिंग कर रोष प्रकट किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जसबीर सिंह ने की, जबकि मंच संचालन सब यूनिट सचिव जोगिंदर पाल ने किया। इस अवसर पर यूनियन के स्टेट उपप्रधान स्वराज सिंह ने कहा कि एसडीओ सीवन द्वारा जानबूझकर टेक्निकल कर्मचारियों को फील्ड में न लगाकर दफ्तरों में बैठा रखा जा रहा है, जिसके कारण फील्ड में कार्यरत सहायक लाइनमैन को अकेले ड्यूटी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विभागीय नियमों के अनुसार सहायक लाइनमैन से अकेले ड्यूटी नहीं करवाई जा सकती, इसके बावजूद नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों पर दबाव बनाने के उद्देश्य से एसडीओ सीवन द्वारा अनावश्यक पत्र लिखकर परेशान किया जा रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। दूसरी ओर एसडीओ द्वारा एसई कैथल के आदेशों की भी अवहेलना की जा रही है और विभागीय नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

हरिभूमि सहेली




# स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल

नव-वर्ष का आगमन.. नई आशाओं का सवेरा, भीतर नई ऊर्जा का संचार। इससे भला स्त्रियां कैसे अछूती रहेंगी। इनके लिए नूतन वर्ष नए अर्थ लिए आता है। वे ऐसे धरातल तैयार करती हैं, जिसमें स्त्री की अपनी संपन्न दृष्टि हो, उनकी अस्मिता हो, उनका आत्म-सम्मान हो।

आवरण कथा
कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

नया साल कोई हिसाब नहीं, बल्कि समय की वह दहलीज है, जहां प्रकृति स्वयं पुराना उतारकर नए के प्रति आकर्षित होकर उसकी ओर बढ़ती है। पेड़ अपने गिरे पत्ते नहीं चुनते। नदियां पीछे छूटे मोड़ों को नहीं गिनतीं। वे तो नए उत्साह में प्रवाह में बने रहना जानती हैं। प्रकृति का हर नया चक्र यह सिखाता है कि नया आना कोई घटना नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक आग्रह है। जीवन की जिद, जो बिना शोर किए आगे बढ़ती रहती है। इसी आग्रह के साथ नया साल आता है। वह एक संभावना की तरह उपस्थित होता है, जिसमें पुराना स्वतः पीछे छूटने लगता है। यह समय स्मृतियों का बोझ ढोने के लिए नहीं, बल्कि चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्या साथ रखना है और क्या छोड़ देना है।

**वर्तमान को खोलें नए अर्थों के लिए:** नया साल हमें यह अनुमति देता है कि हम कष्टकारी अनुभवों पर मिट्टी डालें और वर्तमान को नए अर्थों के लिए खोलें। यहीं से स्त्री की संपन्न दृष्टि आकार लेती है। वह इस प्राकृतिक आग्रह को पहचानती है। उसकी उमंग किसी प्रतिरोध से नहीं, बल्कि जीवन की उसी सहज गति से जन्म लेती है, जो हर मौसम को बदलने का साहस देती है। स्त्री जानती है कि आगे बढ़ने के लिए कठोर होना जरूरी नहीं, कभी-कभी भरोसा ही सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है, इस बात पर कि जीवन की संभावना अब भी शेष है।

**नए साल में तैयार होते हैं नए धरातल:** स्त्री बीते साल से कुछ अनुभव, कुछ चोटें, कुछ सीखें लेकर अपने नए साल का धरातल तैयार करती है। लेकिन अब नए जमाने की स्त्री, पुराने को सहेजकर नहीं रखती। जो कष्टकारी था, उसे भूलने का संकल्प भी उसकी संपन्न दृष्टि का ही हिस्सा है। भूलना यहां पलायन नहीं है, बल्कि चयन है। वह जानती है कि हर याद को सहेजना आवश्यक नहीं। कुछ स्मृतियों को छोड़ देना ही आगे बढ़ने की शर्त बन जाता है। इसलिए नया साल उसके लिए प्रार्थना से ज्यादा, क्षमा करने का अभ्यास भी बन जाता है।

**विनम्र भाव से नए साल का करें स्वागत:** आज की पढ़ी-लिखी सचेत स्त्री अपने आपको यह अनुमति देती है कि जो अधूरा रह गया, उसे अपराधबोध में बदलने की बजाय सीख में बदले। नए के लिए स्त्री की विनम्रता उल्लेखनीय होती है। यह विनम्रता आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि जीवन के प्रति खुलापन है। वह यह स्वीकार करती है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं होगा, फिर भी वह प्रयास से पीछे नहीं हटती। इस विनम्रता में अहंकार का त्याग है, पर आत्मसम्मान की कमी नहीं।



स्त्री नए साल से अपेक्षाएं रखती है, पर उन्हें आदेश की तरह नहीं, संवाद की तरह रखती है। जैसे जीवन से कह रही हो, 'मैं तैयार हूं, तुम जो भी लाओगे, मैं सीखते हुए स्वीकार करूंगी।'

**भीतर से सजने-संवरने का अवसर:** नया साल स्त्री को अपने आप को सजाने-संवारने की ओर भी उन्मुख करता है। यह सजना केवल बाहरी नहीं होता। हालांकि वह कपड़ों, रंगों और आईने के सामने खड़े होने के छोटे-छोटे उत्सवों को भी महत्व देती है, लेकिन असली साज-संवार भीतर की होती है। विचारों की, इच्छाओं की और उस आत्मविश्वास की, जो समय के साथ परिपक्व हुआ है। वह अपने चेहरे पर उम्र की रेखाओं को अस्वीकार नहीं करती। बल्कि वह उन्हें अनुभव का मानचित्र मानती है। सजना उसके लिए स्वयं को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, न कि किसी मानक में ढलने की कोशिश या किसी तारीफ पाने का उपक्रम।

**कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है स्त्री:** स्त्री की जिद भी साधारण नहीं होती। वह कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है। यह बात उम्र के साथ बदलते हुए सालों में और स्पष्ट हो जाती है। यह जिद नौकरी, लेखन, अध्ययन, कला या किसी भी व्यक्तिगत लक्ष्य में भी प्रकट हो सकती है। स्त्री बड़े घोषणापत्र नहीं बनाती। वह रोजमर्रा के निर्णयों में अपने संकल्प को जीती है। समय पर 'नहीं' कहना, अपने श्रम की कीमत मांगना, अपनी रुचियों के लिए समय निकालना। ये सब उसकी उपलब्धियां हैं। स्वयं को अनदेखा न करना स्त्री सीख रही है।

**शांत मन से प्रसन्नता की पुनर्खोज:** स्त्री के भीतर प्रसन्नता की पुनर्खोज जारी है। जो बदलते हुए सालों में उजागर होती है। बदलाव की यह प्रसन्नता शोरगुल वाली नहीं होती। पुराने साल की थकान को पीछे छोड़ते हुए, स्त्री नया साल उम्मीद के साथ देखती है। वह जानती है कि चुनौतियां फिर आएंगी, पर वह उनसे डरकर नहीं, तैयारी के साथ मिलती है। उसकी संपन्न दृष्टि उसे यह सिखाती है कि हर संकट स्थायी नहीं होता, और हर बदलाव में संभावना छिपी होती है। वह अब स्वयं को पीड़िता की भूमिका में सीमित नहीं करती। वह कर्ता बनकर आगे बढ़ती है। अपने जीवन की, अपने निर्णयों की साक्षी बनती है।

**स्त्री के आत्म-सम्मान का उत्सव नया साल:** अंततः स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल आत्म-सम्मान का उत्सव कहलाता है। यह उस स्त्री का साल है, जो अपने अतीत से सीखती है। वर्तमान में सजग रहती है और भविष्य के लिए विनम्र आशा रखती है। वह अपने बच्चों के लिए आशीष बनती है और स्वयं के लिए हमदर्द भी। वह सजती है, संवरती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज वह अपने भीतर की रोशनी को पहचानने लगी है।

**समय का बदलना भर नहीं है नव वर्ष:** स्त्री हर पतझड़ के बाद अपने भीतर वसंत को पुनः जी उठती है, टूटकर भी खिल जाना ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। नया साल उसके लिए समय का बदलना भर नहीं। यह अपने आप से किया गया एक शांत, दृढ़ वादा है कि वह जीवन को पूरी उपस्थिति के साथ जिएगी, और हर दिन को अपनी संपन्न दृष्टि से नया अर्थ देगी। और यह बात वह किसी और से नहीं, सबसे पहले अपनी संतति से बार-बार कहेगी। धीरे-धीरे ही सही, दुनिया बदलती जाएगी। खूबसूरत होती जाएगी।

अस्तु..।



## बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार

स्त्री की संपन्न दृष्टि बच्चों तक स्वतः पहुंचती है। नया साल उसके लिए बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार है। उनके लिए सुरक्षित आकाश, निर्भय प्रश्न और सहज हंसी की कामना है। वह चाहती है कि बच्चे केवल सफल न हों, बल्कि संवेदनशील भी हों। केवल तेज न हों, बल्कि करुणामय भी हों। वह जानती है कि बच्चों की खुशी उसकी अपनी खुशी से अलग नहीं है, लेकिन वह यह भी सीख चुकी है कि बच्चों के नाम पर स्वयं को मिटा देना आवश्यक नहीं। इसलिए वह उनके साथ-साथ अपने लिए भी जगह बनाती है। वह अपने सपनों के लिए सचेत होती है।

# बच्चों के लिए स्पेशल बनाएं न्यू ईयर

नए साल का इंतजार और उसका स्वागत बच्चे भी भरपूर उत्साह से करते हैं। आप उनके लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन और आने वाले साल को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। इसके लिए आप यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

बच्चे और आप
नृपेंद्र अभिषेक नृप



नव वर्ष के स्वागत का उत्सव, बच्चों के लिए न केवल मौज-मस्ती और खेलने-कूदने का अवसर होता है, बल्कि उनके विकास, शिक्षा और नैतिक मूल्यों में सुधार, उनको नई दिशा देने, नई शुरुआत करने का भी समय हो सकता है।

**किताब पढ़ने को करें प्रेरित:** नव वर्ष के अवसर पर आप अपने बच्चों को उपहार के रूप में किताबें दे सकती हैं। प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और नैतिक मूल्यों पर आधारित किताबें बच्चों में ज्ञान और रचनात्मकता का संचार करती हैं। यही नहीं अगर उनके साथ आप किताबें पढ़ें तो उनमें पढ़ने की रुचि और बढ़ेगी।

**खेलें आउटडोर गेम्स:** आजकल अधिकतर बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं। इससे उनमें कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नए साल में आप स्वयं बच्चों के साथ खेलते हुए उन्हें आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इससे उनमें ऊर्जा-उत्साह बना रहेगा। बैडमिंटन, क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा।



**टैलेंट को उभारें:** नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य, गायन या ड्रामा आयोजित किए जा सकते हैं। यह न केवल उनके टैलेंट को सामने लाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उनके टैलेंट को पहचानकर आने वाले साल में उनको और प्रोत्साहित करें।

**पिकनिक-ट्रैवलिंग:** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तौर पर बच्चों को नेचर के करीब या चिड़ियाघर या ऐतिहासिक स्मारकों के पास घुमाने ले जा सकती हैं। आप आने वाले साल में भी जब मौका मिले, अपने बच्चों को ऐसी जगहों पर घुमाने जरूर ले जाएं। ऐसा करना न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें प्रकृति और इतिहास के महत्व को समझने का अवसर भी देगा।

**सोशल वर्क:** बच्चों को दूसरों की हेल्प और सोशल वर्क के लिए प्रेरित करने की शुरुआत भी नए साल पर की जा सकती है। जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े, खिलौने और किताबें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यह उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और मदद का भाव सिखाने में बहुत सहायक साबित होगा।

**पर्यावरण के प्रति जागरूकता:** नए वर्ष पर आप अपने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर 'हर बच्चे के लिए एक पौधा' जैसे कार्यक्रम बच्चों को रुचिकर लगेंगे। ऐसी गतिविधि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सिखाएगी।

**स्वच्छता अभियान:** बच्चों को अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने के साथ-साथ उनके अंदर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेंगी।

**योग-व्यायाम:** बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए योग और व्यायाम वर्कशॉप आयोजित करना कारगर होगा। नव वर्ष की पहली सुबह इसके माध्यम से आप बच्चों को पूरे साल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

# सकारात्मकता के साथ नव वर्ष में करें प्रवेश

नव वर्ष हमें यह अवसर देता है कि बीते वर्ष में हुई गलतियों को सुधार कर, प्रयासों में रह गई कमी को पहचान कर और सोच में समाई नकारात्मकता को दूर कर हम नई उमंग, नए उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे कदम बढ़ाएं। इसके लिए अपनी जीवनशैली और सोच में हमें कुछ परिवर्तन करने होंगे।

जीवनशैली
डॉ. मोनिका शर्मा



नया साल, उम्मीदों और उमंगों की पोटली लेकर आता है। साथ ही नई शुरुआत का हौसला भी लाता है। नव वर्ष, कुछ नए कदम बढ़ाने का मुफीद मौका भी होता है। ऐसे में कुछ छोटे-छोटे बदलावों से हमारी जिंदगी पहले से खूबसूरत बन सकती है।

**बढ़ाएं मेल-जोल:** रिश्ते करीबी हों या दूर के, आज के दौर में लोगों का आपसी मेल-जोल कम ही होता है। यहां तक कि एक ही छत के नीचे रहने वाले लोगों में भी दूरियां आ रही हैं। ऐसे में आने वाले साल में अपनों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की सकारात्मक शुरुआत कीजिए। यह समय रहते समझिए कि रिश्तों में जुड़ाव के लिए समय निकालना जरूरी है। वरना एक समय ऐसा भी आता है, जब इंसान के पास समय तो होता है पर रिश्ते कहीं पीछे छूट जाते हैं। अब तो करीबी रिश्तों से लेकर आस-पड़ोस तक मेल-जोल की प्रवृत्ति नहीं दिखती, जबकि यही आपसी जुड़ाव हमारी संस्कृति की पहचान रही है। इस साल जिंदगी की भागम-भाग से कुछ लम्हे रिश्तों को सींचने-सहेजने के लिए निकालिए। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार मजबूत सामाजिक संबंधों वाले लोगों के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना, उन लोगों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक होती है, जिनके सामाजिक संबंध कम होते हैं। साथ ही स्ट्रेस में कमी, बेहतर मनोदशा, क्रॉनिक डिजीज के जोखिम में कमी और क्वालिटी लाइफ जैसे लाभ तो मिलते ही हैं। ऐसे में बढ़ती सामाजिक-पारिवारिक दूरियों के इस दौर में मिल-जुलकर बैठने-बतियाने के लिए फुर्सत निकालने का रेजोल्यूशन जरूर कीजिए।

**भुलाएं बीती बातें:** बीती कड़वी बातों को भुलाना, रिश्तों में नया रंग भरने की एक खूबसूरत शुरुआत हो सकती है। कई बार रिश्तों में अनबन हो जाती है। ना चाहते हुए भी दूरियां आ जाती हैं। लेकिन जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती कि ऐसे तकलीफदेह वाकयों को हमेशा के लिए रिश्तों में दर्द और दुःख की वजह बना दिया जाए। बीते कल की बातों को भूलना इसीलिए भी अहम है कि समय के साथ संबंधों में आए बदलावों को समझने और साथ चलने के लिए यही पहला कदम है।

**मिलकर खुशियां मनाएं:** साझी खुशियों को जीते हुए रिश्तों में दोबारा नयापन लाया जा सकता है। इतना ही नहीं खुशनुमा साथ, बिखरे रिश्तों को भी जोड़ सकता है। एनर्जी से भरपूर और उत्साहित महसूस करने के लिए साझेपन का भाव जरूरी है। हर वर्ष आने वाली वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में शेयर्ड हैप्पीनेस एक अहम फैक्टर होता है। किसी भी देश के लोगों का एक-दूसरे के लिए हेल्पफुल होना, मिल-बांटकर रहना हैप्पीनेस का एक महत्वपूर्ण पहलू बनकर सामने आता है। ऐसे में नए साल में तय कीजिए कि आप अपनों के साथ मिलकर खुशियां मनाएंगी।



## सेहत संवारिए

'अच्छा स्वास्थ्य, अंदरूनी शक्ति, शांत मन और आत्मविश्वास लाता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।' यह कहना है दलाई लामा का। जीवन से जुड़े हर भाव को खुशनुमा ढंग से जीने के लिए अच्छी हेल्थ सबसे जरूरी है। कहते भी हैं कि जिंदगी जीने में और स्वस्थ जिंदगी जीने में बहुत फर्क होता है। आजकल मोटापा, हृदय रोग, किडनी से जुड़ी समस्याएं और कैंसर जैसी व्याधियां कम उम्र में ही देखने को मिल रही हैं। ऐसे में समय पर सेहत से जुड़ी परेशानी को लेकर सतर्क होना जरूरी है। शारीरिक सक्रियता और मानसिक शांति का मेल स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इन संकल्पों के साथ नए वर्ष में प्रवेश करें तो निश्चित ही यह वर्ष हर मायने में खुशहाल होगा।

# न्यू ईयर पार्टी के लिए पाएं न्यू मेकअप लुक

मेकअप
निकिता चौहान

नए साल के आने की खुशी में लोग पार्टी खूब एंज्वॉय करते हैं। आप भी ऐसी किसी पार्टी में जरूर शामिल होंगी। पार्टी में अट्रैक्टिव दिखने के लिए डिजाइनर आउटफिट के साथ आपका फेस लुक भी ग्लोरियस होना चाहिए। इस के लिए आपको अपने मेकअप लुक पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके फेस पर नमी न रहे। इसके लिए टिशू पेपर या वेट वाइप्स से अच्छे से फेस क्लीन करें। फेस को नमी देने के लिए अच्छा-सा मॉयश्चराइजर लगाएं। अपने मेकअप को ज्यादा देर तक रखने और फेस को स्मूथ बनाने के लिए प्राइमर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन के कलर के अनुसार फाउंडेशन लगाएं। आंखों के डार्क सर्कल्स, फेस पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन स्टेप्स से आपका बेस मेकअप परफेक्ट और पूरी तरह नेचुरल लगेगा।



**ऐसे करें आई मेकअप:** हमारे ओवर ऑल लुक को कंप्लीट करने के लिए आंखों का मेकअप परफेक्ट होना जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के लिए ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बहुत स्टाइलिश लगेगा। अगर आप हल्का शिमर चाहती हैं तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं। विंग्ड आई लुक पाने के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल करें। यह आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाएगा। सबसे आखिरी में मस्कारा लगाकर अपनी आई लैशेस को वॉल्यूम दें। यह आपकी आई लैशेज को घना दिखाएगा।

**हाइलाइटर लगाएं:** आई मेकअप के बाद आप अपने हाइलाइट पॉइंट्स पर हाइलाइटर जरूर लगाएं। हाइलाइटर आपके फेस को ग्लोइंग लुक देता है। ध्यान रखें कि हाइलाइटर को चीक बोन, नोज की टिप और आईब्रो के नीचे के हिस्से पर लगाएं।

**ब्लश है जरूरी:** ब्लश आपकी स्किन को नेचुरल लुक देता है। ब्लश से पूरा मेकअप लुक कंप्लीट होता है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्लश चूज करें। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि ब्लश को ज्यादा डार्क न लगाएं। ब्लश को लगाते समय हल्के हाथों से लगाएं, इससे आपका ब्लश डार्क नहीं होगा और यह नेचुरल लगेगा।

**लगाएं न्यूड लिपस्टिक:** लिपस्टिक लगाने से पहले ध्यान रखें कि लिप्स पर आउटलाइन करने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। आजकल न्यूड लिपस्टिक का ट्रेंड बहुत है। अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का प्रयोग करें।

**मेकअप सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक सेट रखने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करके आप अपने न्यू ईयर पार्टी लुक को लंबे समय तक बनाए रख सकती हैं, जिससे आपका मेकअप काफी देर तक ताजगी से भरा दिखेगा।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट तरन्नुम खान से बातचीत पर आधारित)**

भावनाएं

# नूतन वर्ष नए सपने-नई उम्मीदें

नए साल में हम नई आशा के साथ नई योजनाएं बनाते हैं ताकि अपनी पहचान को बढ़ाएं। **सहेली** ने अपने-अपने क्षेत्र की कई जानी-मानी महिलाओं से पूछा कि वे नए साल के आगमन को कैसे देखती हैं, बीता साल उनके लिए कैसा रहा और नए साल में उनकी क्या योजनाएं हैं?

## नया साल याद दिलाता है हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है

रीता गंगवानी, ग्रूमिंग एक्सपर्ट



**मेरे लिए** नया साल शोर-शराबे का उत्सव नहीं, बल्कि ठहरकर सोचने का अवसर है। यह वह समय होता है, जब मैं खुद से पूछती हूं कि मैंने बीते साल में क्या सीखा, क्या छोड़ा और क्या-क्या समझा? मैं नए साल का स्वागत आभार और एक स्पष्टता के साथ करती हूं। पुरानी थकान को पीछे रखकर, जीवन को थोड़ा और समझदारी से जीने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हूं। मेरे लिए नया साल यह याद दिलाता है कि हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है। बीते साल की बात करूं, तो उसे किसी एक उपलब्धि या घटना से नहीं, बल्कि अपने भीतर आए बदलाव से याद रखूंगी। यह साल मुझे सिखा गया कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और खुद को समझना भी एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने इस साल धैर्य स्वीकार कर आत्मसम्मान का अर्थ थोड़ा और गहराई से समझा। यही मेरे लिए इस साल की सबसे यादगार सीख है। नए साल में मेरा संकल्प है-खुद के साथ समझौता नहीं करना। मैं अब दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को छोटा नहीं करूंगी और न ही अपनी सीमाओं के लिए कोई सफाई दूंगी। मेरा लक्ष्य है, जीवन को तेज नहीं, बल्कि सार्थक बनाना। कम काम करना है, पूरे मन से करना। कम लोगों से जुड़ना है, लेकिन सच्चे रिश्ते बनाना है। मैं चाहती हूं कि जब यह साल खत्म हो, तो मैं यह कह सकूं कि मैंने अपने सच के साथ ईमानदारी बरती।

## नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं : सेजल शाह, एक्ट्रेस



**इन दिनों** सेजल शाह सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी का रोल निभा रही हैं। उनके लिए नया साल एक नई शुरुआत का प्रतीक है। सेजल कहती हैं, 'जो बीत गया, उसे पीछे छोड़कर नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं ताकि हम आगे बढ़ें, तरक्की करें। नए साल में मेरी सबसे पहले यही कोशिश होगी, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं। अपने खान-पान के प्रति सजग रहूं। बाहर का न खाऊं और अधिक से अधिक घर का पौष्टिक भोजन करूं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खुद के लिए समय निकालकर नियमित व्यायाम करूं। इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर मैं बहुत ज्यादा सतर्क हूं, क्योंकि हाल ही में मेरे पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इसने मुझे एहसास दिलाया कि गलत खान-पान और अव्यवस्थित जीवनशैली किस तरह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। नए साल में मेरा संकल्प है, मैं अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर पहले से कहीं ज्यादा ध्यान दूंगी। जहां तक मेरे काम का सवाल है, तो इस मोर्चे पर मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी जैसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। नए साल में इस किरदार में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। इसके कुछ ग्रे शेड्स इसे और रियल बनाएंगे। मैं हमेशा कुछ अलग और नया करने में विश्वास करती हूं। मैंने यह महसूस किया है कि कोई भी किरदार, चाहे पॉजिटिव हो या नेगेटिव, अगर उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए, तो बहुत प्रभावशाली हो जाता है। उम्मीद है, जिस तरह अभी तक दर्शकों का 'पुष्पा इंपॉसिबल' को प्यार मिला है, आगे भी मिलता रहेगा।'

प्रस्तुतिः अंशु सिंह

## खबर संक्षेप

### ज्ञानेश सह प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख मनोनित

**जींद।** विश्व हिंदू परिषद हरियाणा प्रांत के प्रचार प्रसार विभाग की प्रांतीय टोली कार्य प्रबंधन के तहत नवनियोजन किया गया। नव दायित्व निर्धारण के तहत ज्ञानेश ठाकुर को सह प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख, मुकेश कुश को प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख, नवीन जैन को प्रांत पत्रिका प्रमुख, विजय चुघ को प्रांत प्रिंट मीडिया प्रमुख, अनिल नैय्यर को प्रांत मनोरंजन प्रमुख, राकेश कुमार कठवाड़ को विमर्श एवं विचार प्रभाव प्रमुख तथा शुभम तंवर को सह प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है।

### शिविर में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा है कि समाधान शिविर प्रशासन तथा आम जन के बीच बेहतर कनेक्टिविटी का माध्यम तो है हीए साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों के लिए जनसाधारण की छोटी.छोटी समस्याएं जानने व समझने का दर्पण भी है।

### बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुदान दे रही सरकार

**जींद।** हरियाणा सरकार किसानों को बागवानी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नए प्रावधान कर रही है। इसके लिए किसानों को बागवानी, फलों, सब्जियों फूलों और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार द्वारा बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुदान दिया जा रहा है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि बागवानी खेती में फलों के नए बाग लगाना, फलों की खेती, मसालों की खेती तथा खुशबूदार पौधों की खेती करना जैसे मद शामिल हैं।

### 2 से 10 तक संस्कृत भाषा प्रबोधन वर्ग का आयोजन

**जींद।** संस्कृत भारती हरियाणा की ओर से संस्कृत भाषा प्रबोधन वर्ग नारनौल रोड स्थित संग्लो इंटरनेशनल स्कूल में दो से 10 तक आयोजन किया जाएगा। इसमें हरियाणा के अंबाला, करनाल, पानीपत, कैथल, जींद, हिसार, गुरुग्राम व सिरसा इत्यादि सभी जिलों के विद्यालय, महाविद्यालयों विवि से छात्र व छात्राएं भाग लेंगें।

### कर्मियों ने मांगों को लेकर धरना दिया

**जींद।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ शाखा जन स्वास्थ्य विभाग जींद में कार्यकारी अभियंता के तानाशाही रवैया और कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगें और समस्याओं के समाधान न होने पर जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में धरना प्रदर्शन व नारेबाजी की। बाद में कार्यकारी अभियंता के बुलावे पर संगठन की बातचीत हुई।

### छात्रों को घर में तुलसी लगाने का महत्व बताया

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में विद्यार्थियों को तुलसी घर में लगाने के महत्व के बारे में कार्यक्रम में बताया गया। प्राचार्या रितु देवी ने तुलसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्रों में तुलसी को देवी लक्ष्मी का रूप माना गया है जिस घर में तुलसी का वास होता है। वहां कभी आपदा नहीं आती व सकारात्मकता बनी रहती है।

### पिछले सीजन से 160594 क्विंटल अधिक पहुंची धान

**उचाना।** अनाज मंडी में आई धान 1121 1509 एवं पीआर धान पिछले सीजन से इस सीजन में 160594 क्विंटल अधिक पहुंची है। इन दिनों 1121 धान की आवक चल रही है। 4375 रुपये प्रति क्विंटल तक के भाव धान 1121 के किसानों को मिल रहे है। इस साल 1509 धान 80447 क्विंटल पहुंची तो बीते साल 99000 क्विंटल पहुंची थी।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कल

**राजौंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद में 31 दिसंबर को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉ संदीप सिंह ने बताया कि शिविर में मुलाना मेडिकल कॉलेज से स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम आएगी। मरीजों के स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें दवाइयां भी दी जाएगी। कहा कि शिविर में राजौंद व आस पास के गांव से बिमारी का ईलाज करवा सकते हैं।

---

### विधायक ने किया सड़कों का उद्घाटन एवं शिलान्यास

# हलके को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा: जांबा

### क्षेत्र को बड़ी सौगात, 10.70 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**जनता से किया वादा हर हाल में किया जाएगा पूरा: सतपाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुंडरी



पूंडरी। सड़क परियोजनाओं के शुभारंभ करते हल्का विधायक सतपाल जाम्बा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हलका विधायक सतपाल जांबा ने आज क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए 10 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से सड़कों के उद्घाटन एवं शिलान्यास कर प्रगति के नए आयाम जोड़े। इन सड़क परियोजनाओं से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और विकास को मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा द्वारा क्षेत्र की अनेक महत्वपूर्ण सड़कों के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए गए। इनमें डेरा नसोरिया रोड, पुंडरी–हाबड़ी रोड से डेरा बुड्डावाला तक, हजवाना से हाबड़ी (अकाल अकादमी के पास) सड़क, हाबड़ी–हजवाना रोड, सिकंदरखेड़ी–बरसाना रोड, टयोंठा–हाबड़ी रोड, डीग–चोचड़ा रोड तथा राहड़ा–बाकल रोड प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके साथ ही पिलनी–पाई सड़क और पिलनी–सिसमोर सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य भी क्षेत्रवासियों को समर्पित किए गए। सड़क परियोजनाओं के शुभारंभ से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने विधायक सतपाल जांबा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा तथा व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और सुलभ होगी। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मैं अपने काम के माध्यम से लोगों के दिलों में स्थान बनाना चाहता हूं। पूंडरी मेरा परिवार है और दिन-रात क्षेत्रवासियों की सेवा करना ही मेरा संकल्प है। जनता से किए गए हर वादे को पूरा करना मेरी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी और क्षेत्र को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर स्कूल संचालक श्री गौरव शर्मा, नरेंद्र सरपंच, बाकल, गुरविंदर सरपंच प्रतिनिधि हाबड़ी, राजेश कुमार सरपंच प्रतिनिधि, सिरसल, बृजपाल सरपंच, टयोंठा, सुरेंद्र सरपंच प्रतिनिधि, हजवाना, जगदीश क्वात्रा पुंडरी तथा करन सोसाइटी प्रधान भी उपस्थित रहे।

---

# कला को पोषित रखना हमारा कर्तव्य : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस वैली सिविलाइजेशन की सबसे बड़ी पुरातात्विक साइट राखीगढ़ी में पुरातत्व विभाग एवं संग्रहालय के तत्वावधान में तीन दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव का भव्य आयोजन किया। महोत्सव में देशभर से आए कलाकार अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। महोत्सव के अंतर्गत स्टूडियो माटी आर्ट, सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी, गोपाल विद्या मंदिर, चारकोल डिजाइन, सिंधु ग्रुप ऑफ एजुकेशन और भारत मित्र स्तंभ के संयुक्त तत्वावधान में कला की विभिन्न विधाओं को एक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिला।



जींद। हाईकोर्ट की न्यायाधीश को कला कृति भेंट करते दीपक कौशिक।

**कलाकारों के कार्य की सराहना की**

प्रदर्शनी में कार्विंग, एक्रेलिक पेंटिंग, मूर्तिकला सहित अन्य कलाओं को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिन्होंने कलाकारों के कार्य की खुले मन से सराहना की। स्टूडियो माटी आर्ट के संस्थापक एवं अयोध्या में राम मंदिर के लिए राम दरबार के निर्माणकर्ता प्रदीप ने कहा कि कला को पोषित रखना हम सभी का कर्तव्य है। कहा कि हरियाणा की कला परंपरा अपने आप में अत्यंत समृद्ध है। राखीगढ़ी में 8000 वर्ष पुरानी सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष मिलना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। बताया कि क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है और इसी उद्देश्य से हरियाणा सरकार ऐसे आयोजनों के माध्यम से विजुअल एवं परफॉर्मिंग आर्ट को बढ़ावा दे रही है। साथ ही पुरातत्व विभाग एवं संग्रहालय की स्थापना के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। चित्रकार दीपक और नवीन ने बताया कि उन्हें यहां अपनी कला प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिला है।



जींद। प्रवेश के लिए परीक्षा देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### आधारशिला स्कूल में प्रवेश परीक्षा

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश-परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें जींद जिले के विभिन्न स्कूलों के 2762 बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने विद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने विद्यालय के शैक्षिणक वातावरण को देखकर इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। दौरान अभिभावकों के लिए एक परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विद्यालय के इतिहास, वर्तमान की उपलब्धि और भविष्य की योजनाओं को विस्तारपूर्वक समझाया गया। विज्ञान विषय विशेषज्ञों द्वारा जेईई व नीट जैसी बड़ी परीक्षाओं में आधारशिला विद्यालय के छात्रों की सफलता और उनकी तैयारी की रणनीति को सांझा किया। स्कूल निदेशिका अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने अपने वक्तव्य में बताया कि हमारा उद्देश्य है कि जींद का विद्यार्थी कोटा, सीकर, दिल्ली आदि न जाकर समय व पैसा दोनों बचाए।

### राजकीय कॉलेज के कैडेट आमिन का गणतंत्र दिवस शिविर के लिए चयन

**जींद।** राजकीय कालेज के एनसीसी कैडेट आमिन का चयन गणतंत्र दिवस शिविर 2026 नई दिल्ली के लिए हो गया है। उपलब्धि के लिए कॉलेज परिवार ने शुभकामनाएं दी हैं। आमिन ने डीसीपीटी, आईजीसी और प्री आरडीसी जैसे सभी चरण सफलतापूर्वक पार किए। अब वे 27 दिसंबर से पांच फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेंगे। इस दौरान वे राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। आमिन एनसीसी आर्मी विंग, 15 हरियाणा बटालियन से जुड़े हैं। अनुशासन, नेतृत्व और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। सफलता के लिए प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक के नेतृत्व और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जगज्योत ढोंडी, एनओओ लेफ्टिनेंट पंकज तथा सीटीओ डा. ज्योति लाठवाल के मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया है।

---

### 200 जरूरतमंदों में कंबल बांटे

**राजौंद।** गांव खेड़ी राय वाली वाली मार्ग पर स्थित बाला जी बट्ठे पर डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की मदद के लिए हाथ बढ़ाते 200 लोगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान भान इंसा, रामपाल इंसा, प्रेमी इंसा, सेवक रामभज इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने 200 परिवारों में कंबल, वितरित किए हैं। दौरान डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने कहा कि पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के मार्गदर्शन में 168 मानवता भलाई के कार्य चलाए जा रहें हैं जो प्रतिदिन कहीं ना कहीं गर्म वस्त्र व अन्य मदद के लिए कार्य आयोजित किए।



राजौंद। बालाजी भट्ठे पर लोगों को गर्म कंबल वितरित करते सेवादार।



नरवाना। गरम वस्त्र वितरित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जरूरतमंद को गर्म वस्त्र वितरित किए

**नरवाना।** रोटरी क्लब नरवाना द्वारा श्स्नेह की चादरश योजना के अंतर्गत गांव झील स्थित ईंट भट्ठे पर रह रहे जरूरतमंद एवं श्रमिक परिवारों को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु स्नेह की चादरें वितरित की गईं व बच्चों को मिठाईयां बांटी गई इस सेवा कार्य का उद्देश्य शीत ऋतु में गरीब एवं असहाय लोगों को सर्दी से बचाव प्रदान करना था। रोटरी क्लब नरवाना ने मानवता एवं सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए यह सराहनीय पहल की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंद श्रमिक परिवारों को चादरें वितरित कर उन्हें ठंड से राहत प्रदान की गई। इस मौके पर प्रधान विकास सिंगल एरूपक बंसल ए मनोज मित्तलए राजेंद्र बंसलए शशिकांत गर्गए विकास गुप्ताए प्रदीप गर्गए अजय दीवानएअनुराग दीवान व अन्य क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

### सुप्रीम स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**जींद।** सुप्रीम पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य विषय पर एक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वेन्यू डायरेक्टर नवीन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्यअतिथि होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार प्राचार्या अनीता पन्नू दलाल तथा सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल कैथल प्राचार्या कनिका आनंद उपस्थिति रही। दोनों शिक्षाविदों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान नवीन शिक्षण पद्धतियों, प्रभावी कक्षा प्रबंधन तथा विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई। संवादात्मक सत्रों एवं सहयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से कार्यशाला को ज्ञानवर्धक एवं प्रभावशाली बनाया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां शिक्षकों को सशक्त बनाने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करती हैं।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि



उचाना। कार्यकर्ता के यहां पहुंची भाजपा नेत्री सुषमा अत्री।

### हर वायदे को पूरा कर रहे सीएम सैनी : सुषमा

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की पत्नी सुषमा अत्री मांडी, घसो गांव में पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं के यहां आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। गांवों में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। सुषमा अत्री ने कहा कि महिलाओं के हितों को लेकर जो कार्य भाजपा ने किए है वो किसी सरकार में नहीं हुए। सीएम नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की महिलाओं से किया वायदा पूरा करते लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की। योजना को पहले विपक्षी नेता सिर्फ वायदा बताते थे लेकिन जो वायदे नायब सिंह सैनी करते है उन्हें पूरा करते है ये इस योजना के साथ-साथ अनेकों वायदों को पूरा करके दिखाने का काम किया है। कहा कि प्रदेश की जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को सत्तासीन किया है। तीसरी बार सत्ता में आने का सबसे बड़ा कारण बिना पर्ची बिना खर्ची योग्यता के आधार पर दी नौकरी रही है। आज गरीब परिवार के युवा पढ़ाई के बूते पर बड़े.बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है। कभी सोचा भी नहीं था कि वो इस तरह से पढ़ाई के बूते पर नौकरी लग सकते है ये भाजपा सरकार में संभव हो सका। बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश में कार्य भाजपा ने करवाने का काम किया।

---



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित

**राजौंद।** राजकीय वमावि कसान में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ एसएमसी प्रधान सुरेश कुमार, प्रधानाचार्य युद्धवीर सिंह,सरपंच प्रतिनिधि बलजीत सिंह व पूर्व सरपंच व समाजसेवी दिलबाग सिंह,समाजसेवी ईश्वर सिंह की मौजूदगी शुरू किया गया। इस दौरान मां सरस्वती जी की वंदना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार ने स्वयं सेवकों को एनएसएस की शपथ दिलवाई व पूरे 7 दिन के लिए कैंप की कार्य विधि व रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य युद्धवीर सिंह ने सेवकों को एनएसएस के बारे बताया कि नोट मी बट यू व थीम यूथ फॉर माय भारत और डिजिटल लिटरेसी की भावना को आत्मसात करते समाज से जुड़कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व सरपंच दिलबाग सिंह ने सभी स्वयंसेवक को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में रचनात्मक व सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। छात्रा काफी ने सड़क सुरक्षा नियमों पर अपने विचार रखें व सभी को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

# डीएवी स्कूल ने तलवारबाजी में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। पदक विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

डीएवी शताब्दी स्कूल के बच्चों ने तलवारबाजी राष्ट्रीय खेलों में अनेकों पदक जीत कर अपना परचम फहराया। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि यह खेल 22 से 25 दिसंबर तक संभाजी नगर महाराष्ट्र में हुए थे। इन तलवारबाजी राष्ट्रीय खेलों में 800 बच्चों ने भाग लिया। जिनमें अरमान, शिवम, मनदीप, लक्षिता, प्राची, समृद्धि, एंजेलिना, गौरीका, कनिका, याशिका, अर्पिता ने स्वर्ण पदक पर अधिकार जमाया वहीं अभय ने रजत पदक तथा लक्षिता ने दो स्वर्ण पदक व एक कांस्य पदक जीत कर विद्यालय, जींद जिले तथा राज्य का नाम रोशन किया। ओवरऑल में लड़कों ने द्वितीय स्थान तथा लड़कियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तलवारबाजी खेल के विषय में जानकारी देते विद्यार्थी ने कहा कि ये आधुनिक और रोचक खेल है। जो शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आजकल विद्यालयों और खेल अकादमियों में फेंसिंग को विशेष महत्व दिया जा रहा है। फेंसिंग खेलने से शरीर की फूर्ती, संतुलन और सहनशक्ति में वृद्धि होती है। ये खेल एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक है। फेंसिंग में खिलाड़ी को हर पल सतर्क रहना पड़ता है, जिससे मानसिक सतर्कता विकसित होती है। साथ ही यह खेल खिलाड़ियों में खेल भावना और आत्मरक्षा कौशल का भी विकास करता है। पदक जीतकर आए बच्चों को विद्यार्थी ने सम्मानित किया एवं भविष्य के लिए शुभाशीष दिया तथा कोच वीना सैनी व दिनेश को भी बधाई दी।





पाई। गोल्ड मैडल को दिखाती खिलाडी किरण। फोटो :हरिभूमि

### गोल्ड विजेता किरण का किया स्वागत

**पाई।** गरीब परिवार की बेटी किरण ने जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियन प्रतियोगिता में गोल्ड़ प्राप्त करने पर गांव में खुशी की लहर है। ग्रामवासियों ने उपलब्धि पर किरण, परिवार तथा कोच को बधाई दी है। विदित रहे कि जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियन प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकता में 24 से 28 दिसम्बर तक खेली थी। जिसमें सारे देश से की टीमों ने भाग लिया था। पाई की किरण ने प्रदेश हरियाणा की ओर से खेल में भाग लिया था। प्रदेश की टीम ने सथी मैच जीतते सेमी फाइनल में राजस्थान की हराकर धमाके के साथ फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में हरियाणा का मुकाबला साई की टीम के साथ हुआ और इस मैच में भी हरियाणा की टीम ने 45- 46 के अंक के साथ एक अंक से जीत दर्ज की। सभी मैचों में किरण की मुख्य भागेदारी रही। उसने अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय अपने कोच व परिवार को दिया है। उधर कोच शमशेर सिंह उर्फ शेरी ने बताया कि पाई गांव खेलों का हब बन गया है। बताया कि इस बच्ची का पिता बेहद गरीब है और छोटी सी चाय की दुकान चलाकर अपने परिवार का गुजार बसर कर रहा है। उन्होंने बताया कि पाई में खेल अकादमी आदि अधुरी पड़ी है, जिस कारण से बच्चों को खेल सिखने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रही है। उन्होंने सरकार से पाई में अधुरी पड़ी अकादमी का कार्य पुरा करने की मांग की है।

---

### दर्शन अकादमी में खेल प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

# शिक्षा के साथ खेलों में हिस्सा ले विद्यार्थी: छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



हरियाणा राज्य राइस मिलर्स और डीलर एसो.के अध्यक्ष अमरजीत विद्यार्थियों को सम्मानित करते।

दर्शन अकादमी जगदीशपुरा में बच्चों को खेलों से जोड़ने के लिए स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें पहले दिन के कार्यक्रम में दर्शन अकादमी की दोनों ब्रांचेस के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। राज्य राइस मिलर्स और डीलर एसो के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर और गुब्बारों का आकाश में विमोचन कर खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट करते मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। स्कूल प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है, वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा का संचार देखने को मिला। खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें स्वागत गीत,गिद्दा, हरियाणवी डांस और जुंबा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने 100 ,200 मीटर रेस,रिले रेस ,कबड्डी, सैक रेस, बैलून बैलेंसिंग रेस, हर्डल रेस आदि में पूरे जोश, उत्साह,उमंग और आनंदपूर्वक भाग लिया।

**विजेता को किया सम्मानित**

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने मैदान में प्रतिद्वन्द्वी को परास्त करने की जद्दोजहद करते अलग- अलग कैटेगरी के मुकाबलों में टीम भावना के साथ ही अपने अन्दर छिपी खेल प्रतिभा को खुलकर अभिव्यक्त किया। स्कूल मैनेजर ने बताया कि बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर ही स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि मजबूत राष्ट्र के लिए युवाओं को मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने में खेलों का बहुत बड़ा योगदान है। खेल गतिविधियां छात्रों की कार्य शक्ति को दुगुना कर देती हैं। मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मैडल प्रदान कर उनका हौंसला बढ़ाया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई।



सीवन। गोशाला में आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### हाईटेक सुविधाओं पर हुआ मंथन

**सीवन।** सीवन गौशाला को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बैठक गौशाला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान नरेंद्र सैनी एवं उप प्रधान पवन शर्मा ने की। बैठक में गौशाला के समग्र विकास और गौवंश की बेहतर देखभाल को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नरेंद्र सैनी और पवन शर्मा ने कहा कि गौशाला के आधुनिकीकरण का उद्देश्य गौ माता को हर मौसम में सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध करवाना है। योजना के तहत गौशाला में गायों के लिए दो नए शैड बनाए जाएंगे, जिससे उन्हें धूप, सर्दी और बरसात से पूरा संरक्षण मिल सके। इसके साथ ही हरे चारे की बेहतर व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, प्राथमिक पशु चिकित्सा सुविधा, छायादार विश्राम स्थल और परिसर की व्यवस्था बाड़बंदी जैसे कार्य भी किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### दीपेंद्र हुड्डा के जन्म दिन पर रक्तदान शिविर चार को

**उचाना।** आगामी चार जनवरी को कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। युवा कांग्रेस हलकाध्यक्ष संदीप वर्मा ने बताया कि उचाना के रॉयल गॉर्डन में रक्तदार शिविर लगाया जाएगा। युवाओं को चाहिए कि वो अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविर में पहुंच कर रक्तदान करें।

### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप लगाया

**कलायत।** कलायत के मटौर रोड स्थित राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह की रहनुमाई में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का शुभारंभ किया गया। इसकी अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी सतबीर ढुल ने की। शुभारंभ अवसर पर प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के बारे में क्रमवार जानकारी दी। उन्होंने एनएसएस के उद्देश्यों और इसकी समाज में भूमिका पर प्रकाश डाला।

### अनजान मोबाइल नंबर से पैसे मांगने पर हो सावधान

**कैथल।** प्रायः देखने में आ रहा है कि आजकल साइबर ठग तरह तरह के तरीके अपनाकर आमजन को साइबर ठगी का शिकार बनाकर पैसे ठग रहे है। ऐसे ही एक तरीका परिचित की प्रोफाइल फोटो लगाकर अनजान नंबर से पैसो की डिमांड करने का है। इस बारे एसपी उपासना द्वारा एडवाइजरी जारी करते हुए आमजन को सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। साइबर ठग आमजन को व्हाट्सएप पर उनके परिचित की प्रोफाइल फोटो(डीपी) लगाकर अनजान नंबर से मैसेज करते है कि उसे तुरंत रुपये की आवश्यकता है।

### मोहित खुराना बने इलाइट क्लब कैथल के प्रधान

**कैथल।** इलाइट क्लब कैथल ने अपनी चुनावी बैठक का आयोजन किया। इलाइट क्लब कैथल ने आगामी वर्ष 2026 के लिए अपनी बैठक स्थानीय ढांड रोड पर आयोजित की। क्लब ने यह बैठक वर्ष 2026 के प्रधान चुने बारे की। बैठक में मौजूद सदस्यों ने आगामी वर्ष के कार्यों पर चर्चा की।

### मां वैष्णो सेवा समिति ने कटरा में लगाया लंगर

**सीवन।** मां वैष्णो सेवा समिति द्वारा माता वैष्णो देवी के पावन दरबार, कटरा में चार दिवसीय अटूट भंडारे का शुभारंभ किया गया। पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता रानी का आशीर्वाद लिया और पूरा क्षेत्र जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य राजकुमार गोयल, ललित सेठी, विशाल खेत्रपाल, ललित मेहता, कैलाश ग्रोवर, हर्ष नारंग, सुशील गांधी, ईश नारंग सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### अलग-अलग 2 मामलों में चार सटोरिये काबू

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 4 सटोरिये काबू कर लिए गए। जिनके कब्जे से 5090 रुपये नकदी बरामद हुई। टीम द्वारा उपरांत योजनाबद्ध तरीके से खुराना रोड़ कैथल के पास दबिश देकर वहां सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे आरोपी खुराना रोड़ कैथल निवासी कुलदीप को काबू कर लिया गया।

### सौन्दर्यीयकर्ण में राजकीय स्कूल कैलरम खंड प्रथम

**राजौंद।** मुख्यमंत्री सौन्दर्यीयकर्ण पुरस्कार के लिए राजकीय कन्या मांडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय कैलरम ब्लॉक में प्रथम आया। विद्यालय प्रभारी कर्मवीर बंस ने बताया कि खंड स्तरीय मुख्यमंत्री सौन्दर्यीयकर्ण प्रतियोगिता में खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन के नेतृत्व में खंड टीम द्वारा निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण टीम द्वारा विद्यालय सोदर्य के समस्त मापदंड का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार स्वस्थ शरीर में ही सुन्दर दिमाग का निवास होता है,उसी प्रकार सुन्दर विद्यालय में ही पठन- पाठन के समस्त प्रभावी अवसर उपलब्ध होते हैं। समस्त कक्षाओं के बच्चों से पूरी टीम रूबरू हुई।

---

## पूरी दीवार में पुरानी ईंट लगाने पर जताया स्वास्थ्य अधिकारियों ने रोष

# नागरिक अस्पताल की 200 मीटर लंबी दीवार को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

- पीडब्ल्यूडी ने कहा 80 प्रतिशत पुरानी ईंट लगाने का नियम

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार को लेकर सवाल लगातार खड़े हो रहे हैं। सोमवार को अस्पताल की तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने कहा कि अस्पताल की पूरी बाउंड्री वाल में पुरानी ईंट लगाई जा रही हैं। मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी के जेई व ठेकेदार ने इसे सिरे से नकार दिया। एक बार दीवार गिराकर देखने तक की नौबत आ गई थी। मौके पर पहुंचे शिकायतकर्ता एडवोकेट सुनील कुमार ने कहा कि पूरी बिल्डिंग ही कंडम है, इसके बावजूद इस पर जीर्णोद्धार के नाम पर पैसे खर्च किए गए। जब यह बिल्डिंग गिरेगी तो इसमें काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारी या फिर मरीज ही प्रभावित होंगेए नेताओं का कुछ नहीं बिगड़ेगा।

### 14.91 करोड़ से करवाया जा रहा है जीर्णोद्धार

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में लगभग 15 करोड़ रुपये से जीर्णोद्धार का कार्य करवाया जा रहा है। इस समय नागरिक अस्पताल की बाउंड्री वाल का कार्य किया जा रहा है। अस्पताल के सामने वाली दीवार पूरी हो चुकी है। अब गोहाना रोड से लेकर अस्पताल के पीछे तक लगभग 200 मीटर दीवार का कार्य जारी है। इस दीवार में पुरानी ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। इस दीवार के साथ हर्बल पार्क लगता है। हर्बल पार्क में घूमने आने वाले लोगों ने अस्पताल प्रशासन के सामने कहा कि पुरानी ईंटें लगा कर दीवार को बनाया जा रहा है, जोकि बहुत गलत है। इसी प्रकार की बार-बार शिकायत मिलने के बाद सोमवार को अस्पताल की बिल्डिंग जांच कमेटी डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचालए कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुबीर पूनिया तथा दंतक सर्जन डा. योगेश ने दीवार का निरीक्षण किया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के जेई सोहन, ठेकेदार तथा अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। यह 200 मीटर की दीवार पूरी तरह से पुरानी ईंटों से बनाई जा रही थी। कमेटी ने इस पर एतराज जताते हुए कहा कि पुरानी ईंटों का प्रयोग करके दीवार को कमजोर किया जा रहा है। जल्द ही यह दीवार गिर जाएगी।



जींद। दीवार में पुरानी ईंटें लगाए जाने पर रोष जताते हुए डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल। *फोटो: हरिभूमि*

### नियमों के अनुसार किया जा रहा कार्यः जेई

पीडब्ल्यूडी के जेई सोहन ने बताया कि कहा कि नियमों के अनुसार ही कार्य किया जा रहा है। नियमों में 80 प्रतिशत पुरानी तथा 20 प्रतिशत नई ईंट लगाने का प्रावधान है। जो दीवार पुरानी ईंटों से बनाई जाने के आरोप हैं, उसमें 20 प्रतिशत नई ईंट लगाई गई हैं। कोई बेशक दीवार गिराकर चेक कर सकता है। नई ईंटों के अलग-अलग ब्लाक बनाए गए हैं।

### स्वास्थ्य महानिदेश के आदेशों पर की जा रही निगरानीः सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक ने पूरे कार्य पर निगरानी के आदेश दिए हैं। अस्पताल प्रशासन निगरानी कर रहा है। अस्पताल की कमेटी पूरे कार्य की निगरानी कर रही है। कमेटी की रिपोर्ट नहीं मिली है। यदि कमेटी को कार्य में कोई कमी मिलेगी तो उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी।

### विजिलेंस जांच के बावजूद नहीं हो रहा सुधार

इस पूरे मामले की विजिलेंस को शिकायत करने वाले एडवोकेट सुनील कुमार ने कहा कि यदि बिल्डिंग गिरी तो यहां काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी व मरीज ही प्रभावित होंगे। नेताओं का इसमें कुछ बिगडने वाला नहीं है। सुनील कुमार ने कहा कि इस मामले की विजिलेंस जांच भी शुरू हो चुकी हैए लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है। अस्पताल की यह बिल्डिंग पूरी तरह से कंडम हो चुकी है। इस पर जो पैसा लगाया जा रहा है, वह व्यर्थ है। इसके लिए कोई टेंडर नहीं हुआ। यह बिल्डिंग एक बरसात भी नहीं झेल पाएगी।

---



जींद। बैठक करते हुए रिषिपाल हैबतपुर। *फोटो: हरिभूमि*

## अरावली की परिभाषा पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य

- रिषिपाल ने कहा, नई समिति में स्वतंत्र पर्यावरण विशेषज्ञों, भूवैज्ञानिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों को किया जाए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा को लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट के पिछले आदेश पर फिलहाल अमल न किए जाने और नई समिति गठित किए जाने के फैसले पर कांग्रेस के जींद जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस गंभीर मसले पर सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली केवल एक पर्वत श्रृंखला नहींए बल्कि उत्तर भारत के पर्यावरणीय संतुलन, भूजल संरक्षण और जलवायु संरक्षण की रीढ़ है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा नई समिति गठित करने का आदेश यह दर्शाता है कि मामला बेहद संवेदनशील है और इसमें सभी पक्षों की वैज्ञानिक, पर्यावरणीय और कानूनी दृष्टि से गहन समीक्षा आवश्यक है। रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि केंद्र सरकार और हरियाणा सहित चार राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया जाना इस बात का संकेत है कि सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर किसी भी प्रकार की लापरवाही को स्वीकार नहीं करेगा।

### अवैध खनन पर लगे रोक

कांग्रेस जिला प्रधान ने चिंता जताते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अरावली क्षेत्र में अवैध खनन, अंधाधुंध निर्माण और जंगलों की कटाई ने पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया है। यदि अरावली की परिभाषा को कमजोर किया गया तो इसका सीधा असर किसानोंए जल स्रोतों और आम जनता के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जींद सहित पूरे हरियाणा में पहले ही भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा चुका है और अरावली का संरक्षण इस संकट से निपटने के लिए बेहद जरूरी है। कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से अरावली के संरक्षण के पक्ष में रही है। हाल ही में अरावली के मसले को जिस तरह से कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने लोकसभा में उठाया है, वह सब के सामने है। कांग्रेस पार्टी आगे भी इस मुद्दे पर मजबूती से आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने मांग की कि नई समिति में स्वतंत्र पर्यावरण विशेषज्ञों, भूवैज्ञानिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए ।

---

## तारावली स्कूल में छात्रों को वर्दी वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

सर्दी के मौसम में बच्चों को ठंड से बचाने और उनकी पढ़ाई को प्रभावित होने से रोकने के उद्देश्य से गुहला उपमंडल के गांव तारावली स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विद्यार्थियों को मुफ्त गर्म वर्दी का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य समाजसेवियों के सहयोग से संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जरूरतमंद विद्यार्थियों को गर्म वर्दी प्रदान की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सर्दी से सुरक्षा देना और उनकी विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर समाजसेवियों ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे सेवा कार्यों से न केवल जरूरतमंद बच्चों को राहत मिलती है।




गुहला-चीका। राजकीय प्राथमिक पाठशाला में समाजसेवियों द्वारा विद्यार्थियों को मुफ्त गर्म वर्दी वितरित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### ये मौजूद रहे

*इस मौके पर समाजसेवी शमशेर सिंह रोखा, बलजीत सिंह रोखा, सरपंच अमरीक सिंह, हरपिंदर धारीवाल, पवन (यूएसए), अशोक कुमार, सुरजीत सिंह, रणजीत सिंह, कुलदीप तारावाली, गुरदीप उरलाना, बलबीर राम, गुरमीत स्पेन, सुरजीत खरका, मुख्य शिक्षक लखविंद्र सिंह, शीशपाल सैर सहित शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

---

## जींद-असंध मार्ग से पानी निकालने का काम शुरू

- पंचायत द्वारा ट्रैक्टर की सहायता से खाली पड़े तालाब में निकाला जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अलेवा

पंचायत ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार नगूरां गांव में हादसों का केंद्र बिंदु बने जींद-असंध मार्ग पर नालों के ओवरफलों पानी को ट्रैक्टर की सहायता से निकालने का काम शुरू कर दिया है। अलेवा बीडीपीओ जयपाल ने बताया कि नगूरां गांव में जींद-असंध मार्ग पर फैले नालों के पानी को पंचायत को निकालने के आदेश दिए हैं। जिससे पंचायत ने सड़क के पानी को एक तालाब में निकालने का काम शुरू कर दिया है। नगूरां निवासी प्रकाश, संजीव, विकास, संदीप, रामकेश, भीम, कुलदीप आदि ने बताया था कि नगूरां गांव में जींद-असंध मार्ग पर स्थित नालों का गंदा पानी ओवरफलो होकर सड़क पर पहुंच रहा है। सड़क पर पानी की अधिकता के चलते दुपहिया वाहन चालक तथा पैदल चलने वाले लोगों के अलावा वाहन पलटकर आए दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं। इसके लिए ग्रामीण उपायुक्त जींद या फिर एनएचएआइ के संबंधित विभाग के अधिकारियों को सूचित कर चुके हैंलेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर पानी की अधिकता के चलते बड़े-बड़े गडढे किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।



अलेवा। नगूरां गांव में जींद-असंध मार्ग पर खड़े नालों के पानी को निकालता ट्रैक्टर।

### गड्डों में तबदील सड़क

गांव के लोगों का कहना है कि सड़क पर हरदम नालों का पानी खड़ा होने के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। रात के अंधेरे में हाइवे पर तेज स्पीड में चल रहे वाहनों को गड्ढों के चलते अचानक से ब्रेक लगाना पड़ता है। जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। यही नहीं दोपहिया वाहन चालक तो गडढों में गिरकर चोटिल तक हो चुके हैं। नगूरां में हाइवे पर यह समस्या काफी पुरानी है लेकिन फिर भी विभाग कुंभकरणी नींद सोया हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के आलाधिकारियों से मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द समास्या का समाधान करने की मांग की थी।

---

## मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र किसानों, आढ़तियों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग ने मंडी का निरीक्षण किया। यहां किसानोंए आढ़तियों से रूबरू होते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। यहां पर कपास, धान की प्राइवेट परचेज पर जाकर किसानों से बातचीत की। सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि किसान, आढ़तियों को किसी सूरत में परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मंडी में आते ही किसान की फसल बिके ऐसी व्यवस्था मंडी में की गई है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से जो-जो मांगे किसान, आढ़तियों ने रखी उन्हें पूरा करने का काम किया। हाइवे स्थिति अतिरिक्त मंडी में किसानों, आढ़तियों की मांग पर धर्मकांटे लगाए गए जिससे किसानोंए आढ़तियों को फायदा हुआ। ऐसे ही छात्तर सब यार्ड में धर्मकांटे लगाने की मांग भी पूरी हो चुकी है।



उचाना। कपास की प्राइवेट परचेज पर पहुंचे मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा। *फोटो: हरिभूमि*

## पुलिस ने जुगाड़ वाहनों पर कसा शिकंजा, रिक्शा इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना कस्बे में जुलाना पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे जुगाड़ू वाहनों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पुलिस ने एक जुगाड़ रिक्शा को इंपाउंड किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जुगाड़ वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी विक्रम जोसन ने बताया कि सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो जाती हैए ऐसे में जुगाड़ वाहन सड़क हादसों का बड़ा कारण बन सकते हैं। ये वाहन न तो निर्धारित मानकों पर खरे उतरते हैं और न ही इनमें सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते हैं। कई बार ऐसे वाहनों के कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा इससे पहले भी जुगाड़ वाहन चालकों को कई बार चेतावनी दी गई थी।



जुलाना। अवैध गाड़ी की चैकिंग करते पुलिसकर्मी। *फोटो: हरिभूमि*

## सौंदर्यकरण कार्यों का निरीक्षण

- समयबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार कार्य किया जाए पूर्ण : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सनऊीदों के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व से जुड़े नाग क्षेत्र स्थल का एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थल की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ नगर पालिका के सचिव आशीष कुमार तथा प्रधान प्रतिनिधि संजय अदलखा भी उपस्थित रहे। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि नाग क्षेत्र स्थल न केवल आमजन की आस्था का केंद्र है बल्कि इसका महाभारत कालीन ऐतिहासिक महत्व भी है। इस पावन स्थल के संरक्षण एवं सौंदर्यकरण के लिए शीघ्र ही जीर्णोद्धार कार्य करवाया जाएगा।



जींद। निरीक्षण करते हुए एसडीएम पुलकित। *फोटो: हरिभूमि*

### आवश्यक दिशा निर्देश दिए

एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने नागक्षेत्र स्थल के दौरे के उपरांत नागक्षेत्र पार्क के सौंदर्यकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत एसडीएम ने नागक्षेत्र पार्क के सौंदर्यकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में आवश्यक विकास कार्यों व औपचारिकताओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

---

## विभिन्न प्रदेशों की करीब डेढ दर्जन कंपनियों ने की शिरकत

# प्रधानमंत्री अप्रेंटिस एवं रोजगार मेले में 203 विद्यार्थियों का हुआ चयन

मेले का शुभारंभ आइएमसी आफ आईटीआई के चेयरमैन नरिंद्र मिगलानी ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल के राजकीय आईटीआई में प्रधानमंत्री अप्रेंटिस एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ आइएमसी आफ आईटीआई के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उद्योगपति नरिंद्र मिगलानी ने किया। उनका यहां पहुंचने पर आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बताया कि मेले में यूनो मिंडा बावल रेवाड़ी, यूरो मिंडा खरखोदा सोनीपत, हीरो मोटो कारप नीमवाला राजस्थान, वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड बड्डी हिमाचल प्रदेश, महालक्ष्मी पॉलीमर्स इंडिया कैथल, एकांश मोटर कैथल, जीएलएस फिल्म्स बिलासपुर, गुरुग्राम सात्विक सोलर प्राइवेट लिमिटेड अंबाला, उम्दा यूटिलिटी प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड बादली झज्जर, यूनो मिंडा चौथी आईएमटी खरखोदा सोनीपत , जय श्री कृष्णा स्टील इंडस्ट्रीज चीका, रूलदू राम एंड संस, डोरबेल हिसार सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया।



कैथल। प्रसिद्ध उद्योगपति नरिंद्र मिगलानी कंपनी अधिकारियों से बातचीत करते हुए।

### विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखारें

सतीश मच्छाल ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपनी प्रतिभा को निखारें ताकि वे कंपनी के पीछे नहीं बल्कि कंपनियां उनके पीछे रहे। उन्होंने मेले के आयोजन हेतु पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह सैनी तथा विभाग के निदेशक विवेक अग्रवाल का आभार जताया। नरिंद्र मिगलानी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कहीं न कहीं से काम से की शुरूआत करनी होती है। युवाओं कों चाहिए कि वे किसी भी छोटी या बडी कंपनी से शुरूआत करते हुए अपनी प्रतिभा निखारें तथा अपने लक्ष्य को हासिल करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वर्ग अनुदेशक अनिल ढुल, संजय कुमार, राजबीर सिंह, सतीश सैनी, अनिल कुमार, श्रीराम, रमन कुमार, नरेश कुमार आदि ने सहयोग किया।

---

## आरपीएस में क्लेट व एलेट टॉपर्स के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित



**महेंद्रगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में सोमवार को 'शिखर' सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लेट एवं एलेट 2026 में ऐतिहासिक सफलता दर्ज करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान न्यायिक सेवा की अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आंचल अग्रवाल मुख्यातिथि थे, वहीं अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने की। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यातिथि डिस्ट्रिक्ट एन्ड सेशन जज आंचल अग्रवाल ने कहा कि न्यायपालिका केवल एक करियर नहीं, बल्कि समाज की सेवा और संविधान की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम है। आज आरपीएस के इन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जो सफलता प्राप्त की है, वह उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने भविष्य के वकीलों और जजों को ईमानदारी और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।